Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 7:10 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 15 अंक 309 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. रविवार, 9 जून 2024

शनिवार को कैसा रहा...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### चोरों ने बाइक पर हाथ साफ किया

**हल्द्वानी।** चोरों ने बाइक पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को सौंपी तहरीर में गोपेश सिंह पुत्र आनन्द सिंह निवासी ग्राम बसंन्तपुर (गौलापार) ने कहा है कि वह बीती 24 मई को अपने परिचित लक्की आर्या की मोटर साईकल संख्या यूके04एजी1141 स्प्लैण्डर से आनन्दपुरी फेस-3 में अपने दोस्त हरीश नेगी से मिलने गया था। उसने बाइक हरीश के घर के बाहर खड़ी कर दी। जब वह कुछ देर बाद बाहर निकला तो बाइक गायब थी।

### सड़क हादसे में आरोपी वाहन चालक ने खिलाफ मुकदमा

**हल्द्वानी।** सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत के मामले में परिजनों ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को सौंपी तहरीर में मृणालिनी त्रिपाठी पुत्री मुकुल कुमार त्रिपाठी निवासी 51 बसन्त विहार छोटी मुखानी ने कहा है कि उसका भाई हरीश चन्द्र जोशी और भावेश जोशी बीती 6 जून को रुद्रपुर से आ रहे थे। तभी सुशीला तिवारी पर बस स्कूटी संख्या यूके04जे-8287 में कैंसर हॉस्पिटल चौराहे के पास कैंटर संख्या यूपी26एटी 2310 कैंटर ने टक्कर मार दी। जिससे उसका भाई हरीश चन्द्र जोशी गम्भीर रुप से घायल हो गया। जिसकी अगले दिन मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा कर लिया है।

नए नेताओं को मोदी कैबिनेट में मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

# प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को कई वैश्विक नेता भारत पहुंचे

**नई दिल्ली**
एजेंसी

नरेंद्र मोदी आज तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए कई वैश्विक नेता भी भारत पहुंचे हैं। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया जाएगा। पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी दूसरे नेता होंगे, जो लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। नेताओं ने प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत नरेंद्र मोदी के आवास पर चाय बैठक में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत मोदी आज शाम 7.15 बजे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा 100 दिन का एजेंडा तैयार है और अब उसे जमीन पर उतारना है।



केरल के त्रिशूर से भाजपा सांसद सुरेश गोपी भी दिल्ली पहुंचे हैं। कयास लग रहे हैं कि सुरेश गोपी को भी मंत्रीमंडल में जगह मिल सकती है। प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोग्बे नई दिल्ली पहुंच गए। एयरपोर्ट पर पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया गया। भाजपा नेता अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, ज्योतिरादित्य सिंधिया, मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान समेत कई भाजपा नेता सात, लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास पहुंचे और पीएम मोदी से मुलाकात की। मोदी सरकार की कैबिनेट में पुराने और नए नेताओं का संयोजन देखने को मिलेगा। ऐसी चर्चा है कि कैबिनेट में गठबंधन के घटक दलों को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह के लिए नई दिल्ली पहुंचीं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल। भाजपा नेता प्रहलाद जोशी ने शनिवार देर शाम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को फोन कर उन्हें प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का न्योता दिया।

# वीकेंड पर नैनीताल पहुंचे देश भर से पर्यटक

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी और आसपास के पहाड़ी शहरों में इन दिनों पर्यटन सीजन चरम पर चल रहा है वीकेंड के मौके पर देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे पर्यटकों ने नैनीताल में खूब मौज मस्ती की।

इस दौरान नगर में सुबह से लेकर शाम तक बिल्कुल मेले जैसा माहौल नजर आया। पर्यटक ने नगर के साथ ही आस पास के दर्शनीय स्थलों का भी आनंद लिया। दूसरी ओर पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने की वजह से नगर में इन दिनों पर्यटन कारोबारी भी काफी व्यस्त हो चले हैं। दूसरी ओर पर्यटकों के साथ ही पर्यटक वाहनों की संख्या बढ़ने की वजह से नगर की माल रोड समेत विभिन्न मुख्य मार्गों में जाम लगने की वजह से स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों को भी फजीहत उठानी पड़ रही है। पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। नगर के साथ ही समीपवर्ती भवाली, भीमताल, सातताल, नौकुचियाताल, कैंची, श्यामखेत, गागर, मुक्तेश्वर, घोड़ाखाल के साथ ही पंगूट, किलबरी आदि स्थलों में भी पर्यटकों की भीड़-भाड से रौनक देखने को मिली।

### जाम का कारण बन रहे सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन

नगर में स्थानी लोगों के लिए पार्किंग की सुविधा न होने के चलते सड़क किनारे पार्क वाहन इन दिनों जाम का कारण बन रहे हैं। शहर में चारों ओर सड़कों पर अवैध रूप से वाहनों को पार्क से पैदल चलने वालों के साथ वाहन चालकों भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मॉल रोड से लेकर तल्लीताल हल्द्वानी रोड,जेल गेट, पुराना कूड़ा खड, यूनिवर्सिटी गेट, बारापत्थर और नैनीताल भवाली रोड में पार्किंग के नाम पर रोजाना सड़क किनारे वाहन पार्क किए जा रहे हैं।



## सीपीयू एक्शन में,वाहन चलाने वाले नाबालिगों पर कसा शिकंजा

**रुद्रपुर।** वाहन चलाने वाले नाबालिगों के खिलाफ सीपीयू ने कार्रवाई शुरू कर दी। सीपीयू ने चैकिंग के दौरान चार नाबालिगों की बाईकें सीज करते हुए 25-25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। रुद्रपुर सीपीयू इंचार्ज राकेश बिष्ट ने टीम के साथ डीडी चौक पर वाहनों की चैकिंग कर रहे। इसी दौरान सीपीयू की चैकिंग देख नाबालिग बाईकें मोड़ कर भागने लगे। तभी सीपीयू ने नाबालिगों को पकड़ लिया। सीपीयू इंचार्ज के मुताबिक चैकिंग के दौरान चार नाबालिगों को वाहन चलाते हुए पकड़ लिया। सीपीयू ने चारों की चार बाईकें सीज की गई। सीपीयू ने यातायात उल्लंघन के आरोप में 25000 ,25000 हजार के जुर्माना लगाया है। सीपीयू इंचार्ज ने बताया कि एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के आदेश पर रुद्रपुर क्षेत्र अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि वाहन चलाने वाले नाबालिगों पर शिकंजा कसा जा रहा है। उन्होंने नाबालिगों के परिजनों से अपील की कि वह नाबालिगों को वाहन चलाने को न दें। लाईसेंस बनाने के बाद वाहन चलाएं। टीम में एसआई दिनेश कुमार उप्रेती, कांस्टेबल गणेश,राजेंद्र,, आनंद जलाल आदि शामिल रहे। इधर सीपीयू की कार्रवाई से नाबालिगों में हड़कंप मच गया।



# शहीदी गुरु पर्व पर नगर कीर्तन का विशेष आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

गुरु अर्जुन देव की शहीदी गुरु पर्व पर सिख समुदाय के लोगों द्वारा नैनीताल में शनिवार को नगर कीर्तन का विशेष आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए।

इससे पूर्व मल्लीताल स्थित गुरु सिंह सभा में दीवान सजाया गया जिसके बाद हजूरी रागी भाई परमजीत सिंह द्वारा कीर्तन से संगत को निहाल किया फिर गुरु लंगर का वितरण किया गया जिसमें स्थानीय लोगो सहित सैलानियों ने प्रसाद ग्रहण किया। जिसके उपरांत पंत पार्क से होते हुए मॉल रोड तल्लीताल से वापस मॉल रोड होते हुए गुरु सिंह सभा प्रांगण में नगर कीर्तन का समापन हुआवही देर शाम डीएसए मैदान में भी विभन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए।





नगर कीर्तन में श्रीणगुरु ग्रंथ साहिब की शोभायात्रा के दौरान 8 कुंटल फूल बरसाए गए। मनमोहक झाकियाँ गतकी पालकीएतरण ताल व अलग अलग तरह की झांकियाँ निकाली गयी वही अमृतसर, बाजपुर,रुद्रपुर तथा हल्द्वानी व नैनीताल के कलाकरों ने अपनी अलग-अलग कलाओं व करतब का सुन्दर प्रदर्शन किया।सैकड़ों की संख्या में सिक्ख धर्म के बच्चोंए महिलाओं और बुजुर्गों ने इस शोभायात्रा में पैदल गुरु के भजन गाकर मार्च किया।नगर कीर्तन के दौरान मॉल रोड में झाड़ू लगाकर और पानी डलवाकर रोड की सफाई भी की गई। वही माल रोड स्थित चन्नी राजा होटल, गुरदीप होटल व तल्लीताल व्यापार मंडल द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर स्टॉल लगाकर नगर कीर्तन में चल रहे लोगों सहित सैलानियों व स्थानीय लोगों को जूसएपानी व लस्सी का वितरण किया गया। दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में गुरुसिंह सभा के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सचिव अमरजीत सिंह समेत मनप्रीत सिंह, जसनीत सिंह, गगनदीप सिंह, गुरविंदर सिंह,गुरजीत सिंह, संदीप सिंह, जसबीर सिंह, जगजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, हरिंदर सिंह मान,रविंद्र ढेला, तेजपाल सिंह, हरपाल सिंह, रवेल सिंह,जग्गी भाई, अमरजीत सिंह, सुखविंदर सिंह समेत कई भक्तजन भक्तिभाव से जुटे रहे।




# सीजन ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारियों के साथ गोष्ठी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पर्यटन सीजन के चलते यातायात व सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखने जिले के पुलिस कप्तान पी.एन.मीणा ग्राउंड में उतरे। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को दिये आवश्यक निर्देश दिए और तपती धूप में यातायात व्यवस्था सम्भाल रहे पुलिस बल का मनोबल बढाया। इस दौरान सीजन ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारियों के साथ गोष्ठी भी की।

बता दें कि पर्यटन सीजन के चलते नैनीताल जनपद में नैनीताल, भीमताल, कैंची धाम, भवाली तथा मुक्तेश्वर आदि जगहों में पर्यटक व श्रद्धालु भारी संख्या में आ रहे हैं जिससे यातायात में काफी दबाव है, जो चुनौती पूर्ण है। यातायात के दृष्टिगत प्रहलाद नारायण मीणा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के पर्यटन स्थानों के महत्वपूर्ण बाई पासए तिराहोंए चौराहों का जायजा लिया गया। जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात किए गए हैं जिससे पर्यटकों व श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

पुलिस कप्तान ने रूसी बाईपास समेत भवाली मस्जिद तिराहा व भवाली रामगढ़ तिराहा आदि में ग्राउंड में उतर कर स्वयं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। आने वाली समस्याओं का निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान हरबंस सिंह पुलिस अधीक्षक क्राइम/यातायात नैनीताल समेत सुमित पांडेय क्षेत्राधिकारी भवाली मौजूद रहे।

# रक्तदान कर एक मरीज की सहायता की गई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर में एक कदम अच्छाई की ओर रक्तदान संस्था के सदस्यों द्वारा वर्ष भर किसी न किसी जरूरतमंद रक्त की आवश्यकता पड़ने वाले मरीजों को रक्त देकर उनकी जान बचाई जाती है और सहायता की जाती है इसी क्रम में बीते रोज शनिवार को संस्था के सदस्य आशीष भट्ट एवं कुलदीप सिंह द्वारा ए बी पॉजिटिव ( एबी)+ रक्तदान कर एक मरीज की सहायता की गई। एक कदम अच्छाई की ओर रक्तदान संस्था आप दोनों रक्तदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करती है साथ ही आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती हैं। इस दौरान अध्यक्ष संस्थापक अभिषेक मुल्तानिया ( युवी) , संरक्षक डॉ सरस्वती खेतवाल, विक्रम रावत, कमला कुंजवाल ,एवं चिकित्सालय की ओर से डॉ प्रियांश श्रीवास्तव,कमल बिष्ट उपस्थित रहे।




**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# झील से सिंचाई को मिलने वाला पानी विभाग ने बंद किसानों ने की सिंचाई हेतु पानी दिलाने की मांग

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सामाजिक कार्यकर्ता बृजवासी ने बताया कि की झील का जल स्तर कम होने से पिछले माह भर से किसानों को झील से सिंचाई को मिलने वाला पानी विभाग ने बंद कर दिया है, जिससे बिलासपुर, नौल, बिजरौली, नौलधारा, बोहरा गाँव, नौकुचियाताल, वार्ड 3 एवं 4 के किसान अपनी सूखती फसल को देख काफी परेशान है।



बार-बार मांग करने पर भी विभाग उन्हें सिंचाई के लिए पानी नहीं दे पा रहा है। किसानों ने फसल सूखने की परेशानी से अपने नगर के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी को बताया और सिंचाई हेतु पानी विभाग से दिलाने कि मांग की। जिस पर बृजवासी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग अनिल कुमार वर्मा को सिंचाई पानी न मिलने से किसानों को हो रही परेशानी से अवगत कराया और बिलासपुर नहर में किसानों को पानी देने को कहां जिस पर अधिशासी अभियंता अनिल कुमार वर्मा ने विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेज झील की जल स्टोरेज की जांच कर किसानों को सूखती फसल बचाने के लिए सिंचाई पानी देने के निर्देश दिए। मांग करने वालों में काश्तकार विनोद सिंह कुम्लटा, भगवत सिंह, दीवान सिंह मेहता, बच्ची सिंह मेहता, प्रेम सिंह भगत, प्रकाश जोशी आदि थे। इधर सिंचाई विभाग एसडीओ दिनेश सिंह रावत ने सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी को फोन माध्यम से बताया कि झील के पानी का निरीक्षण कर सोमवार से बिलासपुर नहर में सिंचाई पानी किसानों को देने के लिए विभाग प्रयासरत रहेगा।

## NEWS / फटाफट

### उत्तराखंड ओपन स्नूकर टूर्नामेंट का आयोजन



**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल के अप्पू घर में स्थित स्नूकर वर्ल्ड के संयोजक मोहम्मद अनस और एहतेशाम अली द्वारा पहली बार नैनीताल शहर में उत्तराखंड ओपन स्नूकर टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तराखंड के विभिन्न शहरों के कुल 32 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में हल्द्वानी के अक्षत विजेता रहे जिसे 21000 रुपए का नकद पुरस्कार जबकि दूसरे स्थान पर रहे देहरादून के कमल बिष्ट को 11000 का नकद पुरस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन में मारुति शाह तथा पुनीत टंडन का अहम योगदान रहा।

### शनि जयंती के मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन

**नैनीताल।** शनिवार को शनि जयंती के मौके पर ठंडी सडक़ स्थित शनि देव मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पंडित भगवती प्रसाद जोशी ने वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना व हवन किया गया। मुख्य यजमान प्रमुख वन संरक्षक डॉक्टर कपिल जोशी,संजीव रस्तोगी, अमन बेरवानी,पारस जोशी,वंश जोशी व विनीता तिवारी रहे, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें सैकडों की संख्या में स्थानीय लोगो सहित सैलानियों ने प्रसाद ग्रहण किया। अंत में मंदिर के व्यवस्थापक हेम चंद्र जोशी ने सभी का विशेष आभार जताया।

### अपर राज्य परियोजना निदेशक ने नैनीताल के डीईओ को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**हल्द्वानी।** अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा देहरादून मुकुल सती ने आटोमेटिक रियल टाइम मानिटर सिस्टम के तहत दैनिक सूचना देने में लापरवाही बरतने पर नैनीताल जनपद के जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक शिक्षा) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि केंद्र सरकार की ओर से गठित कार्ययोजना में आटोमेटेड रियल टाइम सिस्टम के अंतर्गत 30 जून तक शत-प्रतिशत दैनिक सूचना के लक्ष्य से पूर्व में अनेक अवसरों पर प्रतिमाह पत्र एवं आनलाइन/आफलाइन बैठकों के माध्यम से निर्देशित किया जा चुका है। इसके बावजूद आटोमेटिक रियल टाइम मानिटर सिस्टम में जनपद नैनीताल से औसत मात्र 54 प्रतिशत विधालयों से ही दैनिक सूचना प्राप्त हो रही है। अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा देहरादून मुकुल कुमार सती को ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि जनपद नैनीताल की असंतोषजनक प्रगति का संज्ञान लेते हुए क्यों न इसके लिए आपका व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित कर दिया जाए। यह भी कहा गया है कि अपना स्पष्टीकरण तीन दिन के भीतर प्रस्तुत करें अन्यथा किसी स्थिति के लिए आप व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

### दिल्ली व हिमाचल में चुनाव ड्यूटी करने वाले होमगार्डों को प्रशंसा प्रमाण पत्र बांटे



हल्द्वानी। उत्तराखंड होमगार्ड कमांडेंट केवल खुराना और होमगार्ड्स मुख्यालय की पहल पर हल्द्वानी में सफल डी-ब्रिफिंग और प्रशस्ति प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डिप्टी कमांडेंट जनरल, होमगार्ड्स अमिताभ श्रीवास्तव ने नवाबी रोड स्थित बैंकट हाल में दिल्ली व हिमाचल प्रदेश लोक सभा निर्वाचन 2024 में ड्यूटी करके लौटे होमगार्डों को प्रशंसा प्रमाण पत्र वितरित किये। इस अवसर पर मंडलीय व जिला कमांडेंट होमगार्ड्स ललित मोहन जोशी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रेखा पांडे, वैतनिक प्लाटून कमांडर शशि बोरा, ब्लॉक ऑर्गनाइजर सोनू कुमार, ओमवीर, वरिष्ठ सहायक मधु, एसीसी विशंभर कांडपाल, धनपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, भूपेंद्र सिंह कनवाल, श्याम लाल, मोहन सिंह सैनी, भास्कर, बंशीधर बुधलाकोटी, कुमार गौरव, दिनेश सिंह, सुनील कुमार, योगेश चन्द्र, दीवान सिंह बोरा समेत 400 होमगार्ड मौजूद रहे।

# अभिमत

## निर्णय की क्षमता

*योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में ओबीसी आरक्षण में शामिल मुस्लिमों की पहचान करवायेंगे। दरअसल भारतीय जनता पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध कर रही है। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण में मुसलमानों को मिल रहे लाभ की उत्तर प्रदेश सरकार समीक्षा करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस मुद्दे पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का मत ही अंतिम है, हमें उनकी भावनाओं का पालन करना चाहिए। कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा कि भारत के अंदर धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता है। आरक्षण पा रही 48 जातियों में मुख्य रूप से मंसूरी, कुरैशी, राईनी, अंसारी, फकीर (शाह), नाई (सलमानी), दर्जी (इदरीसी), अब्बासी (भिश्ती), सैफी आदि शामिल हैं।*

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश के सबसे बड़े राज्य का शासन संभाल रहे हैं। मुख्यमंत्री बनने से पहले संसद सदस्य के तौर पर संसदीय क्षेत्र में कार्य का अनुभव था, लेकिन शासन के संचालन का दायित्व पहली बार संभाला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरह एक भी दिन का अवकाश लिये बिना योगी आदित्यनाथ काम करते हैं। भाजपा के स्टार प्रचारक हैं। त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और जमीनी स्तर पर कार्यान्वित कराने में योगी आदित्यनाथ की अलग पहचान है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को करारा झटका देते हुए अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) के आरक्षण में मुस्लिमों को शामिल करने के खिलाफ फैसला सुनाया है। योगी आदित्यनाथ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले पर सबसे पहले अमल करने की बात कही है। योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में ओबीसी आरक्षण में शामिल मुस्लिमों की पहचान करवायेंगे। दरअसल भारतीय जनता पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध कर रही है। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण में मुसलमानों को मिल रहे लाभ की उत्तर प्रदेश सरकार समीक्षा करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस मुद्दे पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का मत ही अंतिम है, हमें उनकी भावनाओं का पालन करना चाहिए। कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा कि भारत के अंदर धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता है। आरक्षण पा रही 48 जातियों में मुख्य रूप से मंसूरी, कुरैशी, राईनी, अंसारी, फकीर (शाह), नाई (सलमानी), दर्जी (इदरीसी), अब्बासी (भिश्ती), सैफी आदि शामिल हैं। योगी आदित्यनाथ और भाजपा द्वारा धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने की बात सही है, इसी के साथ जाति के आधार पर भी आरक्षण नहीं होना चाहिए। जाति के आधार पर आरक्षण का लाभ पात्र व्यक्तियों को नहीं मिल रहा है। आरक्षित जाति के कुछ परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी लाभ उठाकर क्रीमीलेयर में शामिल होकर आर्थिक और सामाजिक रूप से उच्च वर्ग में शामिल हो गये हैं। बाबा साहब ने अंतिम पंक्ति के गरीब लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए आरक्षण की व्यवस्था सिर्फ दस साल के लिए की थी। आजादी के सात दशक बाद भी वोट बैंक की राजनीति के तहत जाति के आधार पर आरक्षण लागू है। विश्वनाथ प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री बनने पर मंडल कमीशन की सिफारिशें लागू की। इसके विरोध में हिंसक आंदोलन हुआ, अनेक सवर्ण युवाओं ने आत्मदाह और आत्महत्या की। उस समय जाति के आधार पर आरक्षण खत्म कर आर्थिक आधार पर गरीबों को आरक्षण की नीति का राजनीतिक दलों ने आश्वासन दिया, लेकिन अमल नहीं किया। कोई भी पार्टी आरक्षण को चुनावी मुद्दा बनाने से पीछे नहीं है।

# राजभवन मैत्री चैटबॉट का लोकार्पण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को नैनीताल राजभवन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के प्रयोग से निर्मित राजभवन मैत्री चैटबॉट का लोकार्पण किया।

इस दौरान राज्यपाल ने कहा अपने पांच प्रमुख मिशन में एआई को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। उत्तराखण्ड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यहां के युवा नई टेक्नोलॉजी को आत्मसात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी क्षमता को पहचान कर राष्ट्र के विकास में योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के अधिक से अधिक प्रयोग से 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा जिसमें एआई की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। राज्यपाल ने कहा कि 2047 तक का समय एक ऐसा कालखंड है जिसमें एक मजबूत, आत्मनिर्भर देश के निर्माण में हमारी अमृत पीढ़ी की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि विकास की यात्रा में और मानवता के कल्याण में टेक्नोलॉजी का सर्वोत्तम उपयोग बहुत सहायक सिद्ध होगा। जिसको देखते हुए मैत्री चैटबॉट एआई तकनीक से युक्त एक अभिनव प्रयास है। जिसमें राजभवन के विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध रहेगी।



उपयोगकर्ता प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकेंगे और विभिन्न जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। यह चैटबॉट राजभवन की वेबसाइट पर विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर मैत्री चैटबॉट के निर्माणकर्ता सिद्धार्थ माधव ने चैटबॉट के निर्माण एवं उपयोग संबंधी जानकारियां विस्तृत रूप से प्रस्तुत की। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि मैत्री केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं है बल्कि यह एक माध्यम है जिसके द्वारा हम नवाचार को साकार करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों तक ज्ञान और सहायता पहुंचा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इस चैटबॉट के माध्यम से हमारी भाषा और संस्कृति का सम्मान करते हुए उपयोगकर्ता अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकेंगे और विभिन्न जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

### शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा में दूरगामी सुधार

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत युवाओं में वैज्ञानिक सोच पैदा करना उद्देश्य राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत युवाओं में वैज्ञानिक सोच पैदा करने के साथ-साथ जिज्ञासा-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा में दूरगामी सुधार भी लागू किए हैं। इस दौरान सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन,अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस भदौरिया, कुलपति जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय प्रो. मनमोहन सिंह चौहान, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, डीआईजी कुमाऊं मण्डल डॉ.योगेन्द्र सिंह रावत, उप जिलाधिकारी नैनीताल पीआर चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल पी.एन. मीणा, महानिदेशक यूकॉस्ट डॉ.दुर्गेश पंत,वित्त नियंत्रक राज्यपाल डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक, सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

## नैनीझील से सटी सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल दर्शन घर पार्क समेत कई स्थानों पर झील की सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त है। बरसात नजदीक होने के बाद भी क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत नहीं हो पाई है। दीवारों को जल्द ठीक नहीं कराया तो बरसात के दौरान नुकसान हो सकता है। बता दें कि तल्लीताल दर्शन घर पार्क में नैनीझील से सटी सुरक्षा दीवार पिछले काफी समय से क्षतिग्रस्त है। जो इन दिनों झील का पानी कम होने के कारण ज्यादा क्षतिग्रस्त नजर आ रही हैं। वहीं बारिश के दौरान टूटी हुई दीवार पर पानी जाने से और भी पत्थर निकल रहे हैं। जिसके चलते दर्शन घर पार्क व कैनेडी पार्क को भी खतरा हो गया है। लेकिन विभाग अब तक डेढ़ वर्ष पहले टूटी हुई दीवार की मरम्मतनहीं करा पाया। अगर समय रहते दीवार की मरम्मत नहीं हुई तो बरसात में पार्क भी क्षतिग्रस्त हो सकता है। इस संबंध में सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया कि विभाग की ओर से झील की क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत शुरू कर दी गई है। जल्द ही सभी क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत कर दी जाएगी।

# बाबाजी ई-रिक्शा शोरूम का शुभारंभ

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में विभिन्न सुविधायुक्त ई-रिक्शा अब एक ही छत के नीचे मिल सकेंगे। भाजपा नेता हृदयेश कुमार के चौफुला चौराहे के पास खुले खुले बाबाजी ई-रिक्शा शोरूम का उद्घाटन उत्तराखंड राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष दिनेश आर्य ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर वार्ड-37 की निवर्तमान विद्या देवी, मोहन लाल आर्य, मनीष आर्य, अरुण कुमार, नवीन पंत, मुकुल बल्यूटिया, वीरेंद्र बिष्ट, पंकज अधिकारी, जीतेश शर्मा, हर्षित सिंह, तरुण कुमार, दीपक टम्टा, नवल कुमार, रवि आर्य, हरीश कुमार, राजू आर्य आदि मौजूद थे।



## हरीशताल में राज्याभिषेक के साथ रामलीला मंचन का समापन



**हल्द्वानी।** ओखलकांडा ब्लॉक के ग्राम सभा हरीशताल में राज्याभिषेक के साथ रामलीला मंचन का समापन हुआ। कमेटी के मीडिया प्रभारी पूरन भट्ट ने बताया कि रामलीला मंचन को लेकर क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह था और बड़ी संख्या में ग्रामीण रामलीला देखने पहुंचे। दसवें दिन कलाकारों ने अहिरावण वध, रावण वध, सीता अग्नि परीक्षा, राजतिलक आदि का शानदार मंचन किया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष दयानन्द सनवाल व सचिव ललित भट्ट ने बताया कि यह पूरे क्षेत्र की सबसे पुरानी रामलीला है। इस दौरान ग्राम प्रधान आशा भट्ट ने मुख्य अतिथियों, आयोजकों, कलाकारों तथा ग्रामवासियों का आभार जताया। इस मौके पर कमेटी के संरक्षक रेवाधर भट्ट, दिनेश भट्ट, दयानन्द भट्ट, हरीश चन्द्र भट्ट, तारा दत्त भट्ट, विपिन भट्ट, जगदीश चन्द्र भट्ट, देवीदत्त भट्ट, नवीन चन्द्र भट्ट, चन्द्र दत्त भट्ट, दीपक भट्ट, मदन भट्ट, नंदन भट्ट समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## शनिवार को कैसा रहा बॉक्स ऑफिस का हाल?





*सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में प्रदर्शित हो रही हैं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर कोई भी फिल्म लंबे समय से बंपर ओपनिंग नहीं ले सकी है। हाल ही में रिलीज हुई मुंजा और बैड बॉयज राइड ऑर डाई उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी हैं। वहीं, इन दोनों के अलावा अन्य फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टिके रहने के लिए लगातार संघर्ष कर रही हैं। आइए जानते हैं कि शनिवार को कौन सी फिल्म ने कितनी कमाई की।*

***मुंजा:-*** *अभिनेता अभय वर्मा और शरवरी वाघ की हॉरर कॉमेडी फिल्म मुंजा 7 जून को रिलीज हुई थी। पहले दिन फिल्म ने 4 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं, दूसरे दिन फिल्म की कमाई में उछाल नजर आया। शनिवार को इस फिल्म ने छह करोड़ 75 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 10.82 करोड़ रुपये हो गई है।*

***बैड बॉयज राइड ऑर डाई:-*** *बैड बॉयज राइड ऑर डाई में विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेन्स ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। हालांकि, भारत में फिल्म को उम्मीद के मुताबिक ओपनिंग नहीं मिल सकी है। दो दिन में फिल्म ने 76 लाख रुपये का बिजनेस किया था। वहीं, तीसरे दिन 86 लाख रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म की कुल कमाई अब एक करोड़ 62 लाख रुपये हो गई है।*

### मिस्टर एंड मिसेज माही

*मिस्टर एंड मिसेज माही भी टिकट खिड़की पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। फिल्म में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर के किरदार को भले ही पसंद किया जा रहा हो, लेकिन यह फिल्म सिनेमाघरों में भीड़ बटोरने में कामयाब नहीं हो सकी है। पहले हफ्ते में इस फिल्म ने 24.45 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। शुक्रवार को फिल्म ने एक करोड़ 30 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं, शनिवार को फिल्म की कमाई थोड़ा सुधार नजर आया। नौवें दिन फिल्म ने दो करोड़ 15 लाख रुपये के साथ 27.91 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन कर लिया।*

# रुद्रपुर में राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन,जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

शनिवार शाम को रुद्रपुर में राष्ट्र सेविका समिति द्वारा पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन का जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। पथ संचलन आदर्श कालोनी स्थित विद्या मंदिर इंटर कालेज से प्रारंभ होकर काशीपुर बाई पास रोड, श्री दुर्गा मंदिर, मुख्य बाजार,भगत सिंह चौक, अग्रवाल धर्मशाला रोड होते हुए कालेज में पहुंच समापन हो गया। पथ संचलन का जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्र सेविका समिति पथ संचलन में आरएसएस के व्यवस्था प्रमुख राज कुमार खनीजों समेत अन्य शामिल रहे। उधर पथ संचलन का श्री दुर्गा मंदिर में देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री नरेंद्र अरोरा के नेतृत्व में देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, रोहित मित्तल, वीरेंद्र सुखीजा, कपड़ा व्यापार संघ अध्यक्ष सुभाष नारंग,किशन नारंग,अजय गंभीर, मुनीष गंभीर, रेखा अरोरा, गोविंद अरोरा आदि ने स्वागत किया। वहीं दूसरी ओर मुख्य बाजार हरी मंदिर के पास पूर्व मेयर रामपाल सिंह, संजय ठुकराल आदि ने स्वागत किया।



# श्रीमद् देवी भागवत कथा: देवी भगवती की दया-करुणा पर प्रकाश डाला

नैनीताल

हमारे संवाददाता



श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के सहयोग से श्री माँ नयना देवी मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा के द्वितीय दिवस यानी शनिवार को व्यास गद्दी पर मौजूद कथावाचक पंडित मनोज कृष्ण जोशी ने देवी भगवती की दया-करुणा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि मां का आशीर्वाद प्राप्त करना है तो दुधमुँहा बालक बन जाओ। कहा कि हम यदि भगवती के पुत्र बनकर रहेंगे तो मां हमारे संग रहेंगी। व्यास जोशी ने देवी भागवत में रेवती का चरित्र सुनाते हुए कहा कि यदि भगवती पर विश्वास है तो असंभव भी संभव हो जाता है। हयग्रीव का चरित्र सुनाते हुए व्यास जोशी ने देवी भागवत की कथा पर प्रकाश डाला। कथा के साथ व्यास जोशी के सुमधुर भजनों से मंदिर का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। गायन और वाद्य संगीत में आचार्य मनोज कृष्ण की संगत नीरज मिश्र, लोकेश, आकाश नैनवाल, मनोज उप्रेती, विवेक और प्रकाश चन्द्र ने की। इससे पूर्व प्रात: आचार्य मनोज कृष्ण जोशी ने अपने सहयोगियों यथा नरेन्द्र पांडे, कैलाश चन्द्र लोहनी और ललित जोशी के साथ पूजा संपन्न की। इस अवसर पर मुख्य यजमान मनोज चौधरी और देवन चौधरी के साथ यजमान दिनेश चौधरी व अल्का चौधरी मौजूद रही। दिनभर स्थापना समारोह को सफल बनाने के लिये श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के उपाध्यक्ष घनश्याम लाल साह, महासचिव हेमंत शाह, उप सचिव प्रदीप शाह, कोषाध्यक्ष किशन सिंह नेगी, वरिष्ठ न्यासी महेश लाल साह सहित सुमन साह, मुन्नी भट्ट, अमिता साह और सभी पुजारी व कर्मचारी जुटे रहे। दूसरी ओर ट्रस्ट की ओर से अब मंदिर प्रांगण में फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और रील बनाना पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## News कॉर्नर

### मेडिकल की नीट परीक्षा में नूपुर ने 6809 रैंक हासिल की

**भवाली।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मेडिकल की नीट परीक्षा में भवाली के डोब लवेशाल निवासी नूपुर ने 6809 रैंक के साथ शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है उन्नीस वर्षीय नूपुर ने 720 नम्बर में 685 नम्बर स्कोर किये है बचपन से पड़ाई में मेधावी नूपुर ने दसवीं में 97.6 ? व बारहवीं में 95.4 ? प्रतिशत स्कोर किये थे नुपर ने बताया कि उन्होंने घर में रहकर ही ऑनलाइन व यूट्यूब के माध्यम से कड़ी मेहनत के साथ अपनी तैयारी करी नुपर ने अपनी सफलता के श्रेय पिता प्रदीप सिंघल व माता रति सिंघल को दिया है नूपुर की इस सफलता पर भाजपा प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा सुजान सिंह रजवार पंकज अद्वेति प्रगति जैन प्रकाश आर्या शिवांशु जोशी ने भी उन्हें अपनी शुभकामनाये दी है।

### शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक

**नैनीताल।** भारतीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक हुई। बता दें बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षक अभिभावक संघ(पीटीए) और विद्यालय प्रबंधन समिति(एसएमसी) के सदस्यों का चुनाव करवाना और अभिभावकों और शिक्षकों के बीच छात्र हित में संवाद स्थापित करना था। पीटीए में अध्यक्ष विनय कुमार जबकि उपाध्यक्ष लता तिवारी तथा सचिव तारा बोरा को बनाया गया,वहीं एसएमसी में अध्यक्ष तारा बिष्ट , उपाध्यक्ष धन सिंह शाही तथा सचिव तारा बोरा को चुना गया। बैठक में डी.एस. मेहता, कुंदन सिंह सुयाल,राजेंद्र दरमवाल, जितेंद्र भट्ट, ममता बिष्ट, नीता चम्याल, गीता, दीप्ति, तारा बिष्ट, चंपा, रीतू और अभिभावक आदि मौजूद रहे।

# मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



थाना पंतनगर पुलिस ने मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी करने वाला गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 9 लाख की कीमती बैटरी भी बरामद की। रविवार को पुलिस कार्यालय में एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के ने खुलासा करते हुए बताया कि 27 मई को पंतनगर विवि क्षेत्र में चोरों ने जियो रिलाइंस मोबाइल टावर से सात लिथियम लायन बैटरी चोरी कर ली थी।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले । जिसमें कुछ संदिग्ध कैद मिले। पुलिस ने उनकी पहचान का प्रयास शुरू कर दिया था। बताया कि रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि मोबाइल टावर से बैटरी चुराने वाले चोर कार से दिनेशपुर रोड होते हुए कहीं जा रहे है। इस पर सीओ पंतनगर ओम प्रकाश शर्मा, थानाध्यक्ष पंतनगर राजेंद्र सिंह डांगी, एसआइ हेम चंद्र सिंह, एसआइ प्रकाश राम विश्वकर्मा, एसआइ दिनेश रावत, कांस्टेबल राजेंद्र सिंह कोरंगा, भूपाल सिं, पंकज कुमार दिनेशपुर मोड़ पर पहुंचे। पुलिस की चेकिंग देख कार सवार वापस मुड़ने लगे।

इस पर पुलिस कर्मियों ने कार की घेराबंदी कर ली और कार में सवार तीन युवकों को दबोच लिया। बताया कि कार की तलाशी में जियो टावर की बैटरियां बरामद हुई। एसपी क्राइम ने बताया कि पूछताछ में तीनों ने अपना नाम रामनगर नैनीताल निवासी ललित सिंह पुत्र दीवान सिंह, कालाढूंगी नैनीताल निवासी दीपक पुत्र चंद्र बल्लभ पांडे और कैनल रोड गली नंबर 25 गुमानी वाला ऋषिकेश टिहरी गढ़वाल निवासी संदीप कुमार पुत्र काशीराम बताया। बाद में उनकी निशानदेही पर पुलिस ने संजय वन के पास झाड़ियों से पंतनगर से चुराई गई लिथियम लायन मोबाइल जियो टावर की बैटरियां बरामद की।पंतनगर के अलावा उन्होंने रामनगर से भी मोबाइल टावर की बैटरी चोरी की थी। उन्होंने बताया कि तीनों का अपराधिक रिकॉर्ड भी देखा जा रहा है। पुलिस ने तीनों पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई कर रही।

# यातायात व्यवस्था संभालने के लिए अब अस्थाई पार्किंग स्थलों पर शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में पर्यटन सीजन के चलते नगर में यातायात व्यवस्था संभालने के लिए अब अस्थाई पार्किंग स्थलों पर अब शिक्षकों की भी ड्यूटी लगा दी गई है। यातायात व्यवस्था को संभालकर गुरुजनों ने प्रसन्नता जाहिर की है। बता दें कि मैदानी क्षेत्रों में गर्मी के चलते इन दिनों देश विदेश के पर्यटक ठंड के लिए पहाड़ों की ओर रूख कर रहे हैं। प्रतिदिन हजारों पर्यटक नैनीताल पहुंच रहे हैं जिसके चलते नैनीताल की यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बीते दिनों डीएम वंदना सिंह ने अधिकारियों की ड्यूटी एंट्री प्वाइंटों पर लगाई थी, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) पुष्कर लाल टम्टा ने भी रूसी बाईपास पर ड्यूटी की, जिसके बाद उन्होंने कुछ गुरुजनों को भी यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए यहां नियुक्त करने के आदेश जारी कर दिए हैं। एलटी शिक्षक आशीष साह ने बताया कि उनकी ड्यूटी शुक्रवार को रूसी बाइपास में लगी थी। विभाग के लोग क्षेत्र के स्थानीय लोग हैं उनको क्षेत्र की अच्छी समझ है इसलिए वह बेहतर तरीके से यातायात के संचालन में पुलिस की मदद कर सकते हैं।

इधर नगर के मल्लीताल क्षेत्र में नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने व यातायात बाधित करने पर कोतवाली पुलिस की ओर से जमकर कार्रवाई की गई। पुलिस ने सडक़ किनारे पार्क वाहन हटवाने के साथ ही 35 वाहन स्वामियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की।

# सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक खेल दिवस



नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में शनिवार को वार्षिक खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार (एवीएसएम, जीओसी-इन-सी पश्चिमी कमान) उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्वेता डंगवाल मौजूद रही।

इससे पूर्व संस्था के प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन वी.एस. डंगवाल ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि द्वारा नव स्थापित अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला के उद्घाटन के साथ किया, विद्यालय के कैडेट्स द्वारा मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर देने के पश्चात् ग्रुप कैप्टन वी.एस. डंगवाल ने स्वागत भाषण दिया। वार्षिक खेलोत्सव का प्रारंभ विद्यालय के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट और मशाल प्रज्वलन से हुआ,तत्पश्चात ध्वज ड्रिल, योग प्रदर्शन, जुम्बा डांस, ट्रैक इवेंट्स व पीटी प्रदर्शन और बैंड प्रदर्शन जैसे अन्य कार्यक्रम हुए। खेल दिवस का मुख्य आकर्षण स्कूल बैंड का प्रदर्शन था जो एकदम सही धुन और सटीक सामंजस्य में था।

इस दौरान सबसे प्रतिष्ठित एथलेटिक्स चैंपियनशिप ट्रॉफी केसरी सदन ने जीती। कैडेट सुमी सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ बालिका एथलीट के रूप में चुना गया। कैडेट नमन चाहर और कैडेट बादल सिंह को क्रमश- जूनियर और सीनियर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया। सर्वश्रेष्ठ योग प्रदर्शन ट्रॉफी सिंह और शिवालिक सदन द्वारा साझा की गई। सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट ट्रॉफी केसरी सदन ने जीती। सर्वश्रेष्ठ एरोबिक पीटी ट्रॉफी सिंह सदन ने जीती।

### कार की टक्कर से पर्यटक चोटिल

**नैनीताल।** बरेली से नैनीताल घूमने आए दो पर्यटक नैनीताल से वापस अपने घर की तरफ जा रहे थे। तभी रूसी बायपास के समीप हल्द्वानी से नैनीताल आ रही यूपी नंबर की कार की टक्कर से दोनों चोटिल हो गए। 19 वर्षीय कशिश खान के दाहिने घुटने में काफी चोट आई है जिसका उपचार चल रहा है और 21 वर्षीय अनस खान के कंधे और हाथ पर मामूली चोट आई है जिसका उपचार कर दिया गया है। राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल में आकस्मिक चिकित्सा ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. कोमल जोशी ने बताया कि अनस के कंधे और हाथ में मामूली चोट आई थी जिसका उपचार कर दिया गया है।

# गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन 68 गोल्फरों ने हाथ आजमाए

नैनीताल

हमारे संवाददाता




राजभवन नैनीताल गोल्फ क्लब द्वारा आयोजित 19वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन यानी शनिवार को 68 गोल्फर खेले जिनमें 10 महिला खिलाड़ी, 5 जूनियर गोल्फर एवं 53 अन्य गोल्फरों ने अपने हाथ आजमाए।

बता दें कि राजभवन गोल्फ कोर्स में देश के विभिन्न हिस्सों से आए गोल्फर टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने के साथ ही यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठा रहे हैं। गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट-2024 में प्रतिभाग कर रहे गोल्फरों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के गोल्फ कोर्स में खेलना अलग अनुभव हो रहा है और यहां आकर वे गोल्फ के साथ-साथ यहां की प्राकृतिक खूबसूरती का भी आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां की व्यवस्थाओं और आवाभगत से वे सभी प्रभावित हुए हैं। प्रतिभाग कर रहे गोल्फरों ने कहा कि वे पिछले कई वर्षों से राजभवन गोल्फ कोर्स में खेल रहे हैं और यहां खेलकर उन्हें एक अलग ही अनुभूति होती है।

# 99वीं अखिल भारतीय ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता शुरू

नैनीताल

हमारे संवाददाता



ऐतिहासिक डीएसए मैदान में शनिवार से प्रतिष्ठित 99वीं अखिल भारतीय ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता शुरू हो गई है। मुख्य अतिथि हॉकी के राष्ट्रीय समन्वयक सुशील कुमार मधुर (आईआरएस) तथा विशिष्ट अतिथि अर्जुन अवार्डी पद्मश्री भारतीय हॉकी टीम के पूर्व खिलाड़ी और कोच ओलंपियन जफ र इकबाल तथा डीएसए के महासचिव अनिल गड़िया, ओलंपियन राजेंद्र सिंह रावत और वरिष्ठ पत्रकार प्रो.गिरीश रंजन तिवारी ने प्रतियोगिता का संयुक्त रुप से शुभारंभ किया।

शनिवार को नबाव इलेवन बलरामपुर और नेशनल स्कूल रामपुर के मध्य पहला मुकाबला खेला गया। मुकाबले में बलरामपुर की टीम ने 3-0 से जीती,जबकि दूसरे मुकाबले में काशीपुर इलेवन और हॉकी क्लब गोडा आमने-सामने रहे। इस दौरान काशीपुर ने 5-0 से मुकाबला जीता। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सुशील मधुर और जफ र इकबाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा खेल के दौरान उत्साहवर्धन भी किया। अंपायर डॉ. मनोज सिंह बिष्ट और सुनील भट्ट रहे जबकि तकनीकी समिति में रोहित साह, दीपक साह तथा ललित साह रहे। इस मौके पर हॉकी सचिव आलोक चौधरी, जीएल साह, सीएल साह, पूर्व ओलंपियन राजेंद्र सिंह रावत, मुकुल जोशी, नरेंद्र सिंह बिष्ट, रवि प्रकाश जोशी, धर्मेंद्र शर्मा, एनडी बिष्ट, संजय कुमार, मनोज बिष्ट तथा आशू बोरा आदि कई खिलाड़ी मौजूद रहे। संचालन नवीन पांडे ने किया।